MUMBAI LIVE

# FDA की छापेमारी में 450 लीटर नकली दूध जब्त, 4 गिरफ्तार

BY मंगल हनवते  2 YEARS AGO  KHAR






एफडीए ने तीन अलग अलग जगहों पर छापा मार कर एक ऐसे गैंग का पर्दाफश किया है जो बड़े ब्रांड की दूध की थैलियों में पानी मिला कर उन्हें ग्राहकों को बेचा करते थे। इस मामले में एफडीए के अधिकारीयों ने 4 लोगों को गिरफ्तार किया है, साथ ही इन मिलावटखोरों के पास से 450 लीटर मिलावटी दूध भी बजट किये गए हैं।

**क्या था मामला?**

एफडीए के सहआयुक्त शैलेश आढाव ने बताया कि गुप्त रूप से सूचना मिली थी कि खार पश्चिम स्थित स्लम इलाके में कुछ लोग दूध में मिलावट का काम करते हैं। सूचना के आधार पर एफडीए के अधिकारियों ने पुलिस के साथ मिल कर संयुक्त रूप से अभियान शुरू किया। इस टीम ने खार में ही मंगलवार की सुबह तीन अलग-अलग स्थानों पर छापा मार कर 4 मिलावटखोरों को दूध में मिलावट करते रंगे हाथ गिरफ्तार किया, जबकि एक फरार हो गया।

इन आरोपियों के नाम आनंदा रेड्डी लिंगारेड्डी, यादगिरी मल्लया नोगिली, सबिता श्रीनिवास कर्नाटी आणि व्यंकटेश गुंडाला है जबकि श्रीनिवास नामका आरोपी फरार हो गया है।

**क्या करते थे आरोपी?**

जांच अधिकारियों ने बताया कि ये गैंग अमूल, गोकुल जैसे बड़े ब्रांड की दूध की थैलियों छोटा सा छेद करके उसमें से आधा दूध निकाल लेते और फिर उसमे दूध के वजन बराबर पानी भर देते थे, और निकाले हुए दूध पानी में मिला कर फिर से गोकुल या अमूल के पैकेट में भर देते थे। फिर इन पैकेटों को ग्राहकों को बेच दिया जाता था।

**शुरू हुई जांच**

जांच अधिकारियों ने छापे मारी प्रक्रिया में 450 लीटर मिलावटी दूध जब्त किया। इन दूध की कीमत 16 हजार रूपये बताई जाती है। साथ ही जांच अधिकारियों ने इन दूध के नमूनों को जांच के लिए भेज दिया गया है। अब जांच अधिकारी आगे की कार्रवाई में जुट गए हैं।

Source: https://www.mumbailive.com/hi/crime/milk-adulteration-racket-busted-by-police-28323?utm_medium=facebook-share&utm_source=website